बच्चे को सुपरदारी तथा 10,000/- रुपये के दो बन्ध पत्रों, पर मां को सौंप दिया गया।

(ग) इन मामलों में अस्पतालों का कोई भी कर्मचारी लिप्त नहीं पाया गया था।

(घ) बच्चों को चुराने/बदलने की सम्भावनाओं से बचने के लिए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने 16 फरवरी, 1988 को नए दिशानिदेश जारी किए हैं।

कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम

265. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कुष्ठ रोग निवारण अभियान के संबंध में चल रही विभिन्न योजनाओं के नाम क्या हैं ;

(ख) क्या सरकार "विकलांग दिवस" की तरह "कुष्ठ रोगी दिवस" मनाने का विचार रखती है ; और

(ग) कुष्ठ रोगियों को आर्थिक रूप से पुनर्वासित करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत इस समय चल रही योजनाएं इस प्रकार हैं :—

(1) कुष्ठ रोगियों का शुरू में पता लगाना और उसका उपचार करना।

(2) सभी स्थानकमारी जिलों में चरण-बद्ध रूप में बहु-औषध उपचार शुरू करना।

(3) कुष्ठ रोगियों, उनके परिवार के सदस्यों और समुदाय को स्वास्थ्य शिक्षा देना।

(4) स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रशिक्षण देना।

(5) चिकित्सा पुनर्वास।

(6) सर्वेक्षण, शिक्षा और उपचार योजनाओं के जरिए कुष्ठ रोग में काम कर रहे स्वयंसेवी संगठनों को प्रोत्साहन।

(ख) 30 जनवरी को पहले से ही "कुष्ठ रोग रोधी दिवस" के रूप में मनाया जा रहा है।

(ग) इस समय राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कुष्ठ रोगियों के आर्थिक पुनर्वास के लिए कोई भी योजना नहीं है तथापि, अपाहिज व्यक्तियों हेतु संगठनों को सहायता देने की योजना के अन्तर्गत अपाहिजों के लिए पुनर्वास, शारीरिक मनोविज्ञानी, सामाजिक और आर्थिक सेवाएं विकसित करने के लिए कल्याण मंत्रालय द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है।

Shifting of Tezpur Station to Dekargaon

266. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have received a large number of representations from various organisations during the last few months demanding the immediate shifting of the Tezpur Railway Station from Tezpur town to Dekargaon where a suburban railway station exists and also to convert Dekargaon Station into a full-fledged Railway Station as the Tezpur Railway Station connected by 5 Km. long rail track along the national highway within the town causes serious hardship and inconvenience to the inhabitants of the Tezpur town; and

(b) if so, whether Government have taken any decision in this matter?